(एक महारत्न कंपनी)

पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
POWER FINANCE CORPORATION LTD.
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)
(आई.एस.ओ. 45001:2018 प्रमाणित) (ISO 45001:2018 Certified)

संख्या: 1:05:138: I: सीएस
दिनांक: 30.03.2025

| | |
|---|---|
| **National Stock Exchange of India Limited**<br>Listing Department, Exchange Plaza,<br>Bandra – Kurla Complex, Bandra (E)<br>**MUMBAI – 400 051.**<br><br>नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड<br>लिस्टिंग विभाग, एक्सचेंज प्लाजा,<br>बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू.),<br>मुंबई-400 051 | **BSE Limited,**<br>Department of Corporate Services,<br>Floor – 25, PJ Towers, Dalal Street,<br>**MUMBAI – 400 001.**<br><br>बीएसई लिमिटेड,<br>कॉर्पोरेट सेवाएं विभाग, मंजिल-25,<br>पी .जे .टावर्स, दलाल स्ट्रीट,<br>मुंबई-400001 |

**विषय: पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड (पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी - एनईएस पुणे ईस्ट न्यू ट्रांसमिशन लिमिटेड का निगमन।**

महोदया/महोदय,

यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) कंपनी को पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड (पीएफसीसीएल) (पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के रूप में शामिल किया गया है:

| क्रम संख्या | एसपीवी का नाम | उद्देश्य |
|---|---|---|
| 1 | **एनईएस पुणे ईस्ट न्यू ट्रांसमिशन लिमिटेड** | पुणे क्षेत्र-I (765/400 केवी पुणे पूर्व) में ट्रांसमिशन बाधाओं को दूर करने के लिए महाराष्ट्र में नेटवर्क विस्तार योजना के विकास हेतु। |

महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड (एमएसईटीसीएल) ने टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से उपर्युक्त ट्रांसमिशन सिस्टम स्थापित करने के लिए ट्रांसमिशन सेवा प्रदाता (टीएसपी) के रूप में बोली लगाने वाले के चयन के उद्देश्य से पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड (पीएफसीसीएल) को बोली प्रक्रिया समन्वयक (बीपीसी) के रूप में नियुक्त करने के लिए दिनांक 17.01.2025 को आशय पत्र (एलओआई) जारी किया है।

विद्युत मंत्रालय द्वारा जारी टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली दिशा-निर्देशों के प्रावधानों के अनुसार, बीपीसी को परियोजना प्रोफ़ाइल तैयार करनी है और यदि आवश्यक हो तो भूमि अधिग्रहण और वन मंजूरी की प्रक्रिया शुरू करनी है। इन गतिविधियों के लिए, एक विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) को शामिल किया जाना आवश्यक है जो ट्रांसमिशन परियोजनाओं की विभिन्न प्रारंभिक गतिविधियों को संभालेगा जैसे सर्वेक्षण और रिपोर्ट तैयार करना, भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू करना और यदि आवश्यक हो तो वन मंजूरी प्राप्त करने की प्रक्रिया भी शुरू करना।

एसपीवी को विद्युत मंत्रालय द्वारा जारी ट्रांसमिशन सेवा के लिए टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली दिशानिर्देशों के तहत अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से चयनित सफल बोलीदाता को हस्तांतरित किया जाना है।

तदनुसार, उपरोक्त एस.पी.वी. को उपरोक्त पारेषण योजनाओं को विकसित करने के लिए पी.एफ.सी.एल. की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के रूप में शामिल किया गया है। बोली प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह एस.पी.वी. सफल बोलीदाता को हस्तांतरित कर दी जाएगी। बोली प्रक्रिया के माध्यम से चयनित सफल बोलीदाता परियोजनाओं का विकास करेगा।

यह आपकी जानकारी एवं रिकार्ड हेतु प्रस्तुत है।

धन्यवाद।

**भवदीय,**
**कृते पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**


**(मनीष कुमार अग्रवाल)**
**कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी**
**mk_agarwal@pfcindia.com**